>

Title: Need to send a central team to study the reasons of developing cracks in earthcrust and damage caused to 60 houses in Badaki Aut village of Nalanda district, Bihar and also provide relief to the victims.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): मेरे संसदीय क्षेत्र नालन्दा जिले के बेन प्रखण्ड के ग्राम बड़की आंट में जमीन फट गई है। लगभग 60 मकान भी दो फाड़ हो गए हैं। लोग घर छोड़कर जा रहे हैं। सभी लोग डरे हुए हैं, सहमे हुए हैं। किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा है। कोई इसे दैवी प्रकोप समझ रहा है, कोई इसे विनाशलाला कह रहा है। सच्चाई क्या है, इसको जानने के लिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि वहां पर केन्द्रीय टीम भिजवाई जाये जो कि मौका-ए-वारदात पर जाकर अध्ययन करे एवं अध्ययन की रिपोर्ट से सरकार को अवगत कराये ताकि लोगों को राहत मिल सके तथा वहां पर आपदा राशि तथा प्रबंध भिजवाया जाये, इसकी पुरजोर मांग मैं सरकार से करता हूं।